# बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0,
7, सरदार पटेल मार्ग–पटना–15

| Doc. No:- BRPNNL/HQA / C00/ 179 | Dt ..27/07/2026 | Page No..../... |
|---|---|---|

## ।। कार्यालय आदेश।।

मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत बूढ़ी गंढक नदी पर जगन्नाथ मिश्रा कॉलेज के निकट सोडा गोदाम चौक एवं अहियापुर के बीच निर्माणाधीन उच्चस्तरीय आर0सी0सी0 पुल एवं पहुँच पथ निर्माण कार्य के संवेदक M/s Ganesh Ram Dokania, Partner – Krishna Kumar Dokania, At+Post – Aliganj, District - Banka (निबंधन संख्या–पु0नि0नि02 / स्था(नि0)– 01(प्रथम)–340 / 2016, नवीकरण वैद्यता–13.12.2026) को पुल का निर्माण कार्य आवंटित किया गया। वरीय गुण नियंत्रण अभियन्ता, गुण नियंत्रण कोषांग, पटना द्वारा दिनांक–04.07.2026 को सयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में पुल का कुछ रेलिंग क्षतिग्रस्त पाया गया। P10 के Shaft Cap में एवं Well Cap में Steel दिखाई दे रहा था। P11-A2 Girder तथा P10-P11 के Girder में Hair Crack दिखाई दे रहा था। सभी Span में Proper Drainage Spot नही लगा हुआ पाया गया। पुल के विभिन्न अवयवों का Rebound Hammer Test किया गया। जाँच रिर्पोट विशिष्टियों के अनुरूप नही पाया गया। पुल निर्माण कार्य मानक के अनुरूप नही कराये जाने के कारण वरीय गुण नियंत्रण अभियन्ता, गुण नियंत्रण कोषांग, पटना का पत्रांक–458(अनु0), दिनांक–11.07.2026 द्वारा संवेदक को अगले दो वर्ष के लिए डिबार करने का अनुशंसा किया गया। उक्त के आलोक में इस कार्यालय के पत्रांक–1757 (अनु0), दिनांक–13.07.2026 द्वारा संवेदक से स्पष्टीकरण पृच्छा किया गया। उक्त स्पष्टीकरण पृच्छा के आलोक में संवेदक द्वारा अपने पत्रांक–शून्य दिनांक–18.07.2026 द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित किया गया।

उल्लेखनीय है कि संवेदक द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण पर उप मुख्य अभियन्ता, कार्य अंचल–1, पटना एवं वरीय परियोजना अभियन्ता, कार्य प्रमंडल, मुजफ्फरपुर से स्पष्ट मंतव्य एवं अनुशंसा उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया गया। उक्त के आलोक में उप मुख्य अभियन्ता, कार्य अंचल–1, पटना द्वारा सवेदक द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण प्रतिवेदन को अमान्य करते हुए अगले दो वर्षो के लिए डिवार करने की अनुशंसा किया गया।

उप मुख्य अभियन्ता, कार्य अंचल सं0–1, पटना का पत्रांक–1468 (अनु0) दिनांक–27.07.2026 द्वारा किये गये अनुशंसा के आलोक में संवेदक M/s Ganesh Ram Dokania, Partner – Krishna Kumar Dokania, At+Post – Aliganj, District - Banka (निबंधन संख्या–पु0नि0नि02 / स्था(नि0)– 01(प्रथम)–340 / 2016, नवीकरण वैद्यता–13.12.2026) को पत्र निर्गत की तिथि दिनांक–27.07.2026 से अगले 2 वर्ष अर्थात दिनांक–26.07.2028 तक निविदा में भाग लेने से वंचित / डिबार किया जाता है।

ह0 / –
**प्रबन्ध निदेशक**
बि0रा0पु0नि0नि0लि0, पटना।

कृ0पृ0प0....................

ज्ञापांक–............................................/पटना, दिनांक–..........................................................
प्रतिलिपिः– M/s Ganesh Ram Dokania, Partner – Krishna Kumar Dokania, At+Post – Aliganj, District - Banka को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–
**प्रबन्ध निदेशक**
बि0रा0पु0नि0नि0लि0, पटना।

ज्ञापांक–............................................/पटना, दिनांक–..........................................................
प्रतिलिपिः– सचिव (योजना एवं प्रशासन)/सभी उप मुख्य अभियन्ता/सभी वरीय परियोजना अभियन्ता/वरीय योजना अभियन्ता/वरीय गुण नियंत्रण अभियन्ता, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
**प्रबन्ध निदेशक**
बि0रा0पु0नि0नि0लि0, पटना।

ज्ञापांक–......1915......../पटना, दिनांक–......27/07/2026......
प्रतिलिपिः–बेवसाईट प्रभारी, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

**प्रबन्ध निदेशक**
बि0रा0पु0नि0नि0लि0, पटना।